# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, गोपालगंज

योगेश कुमार (बि.शि.से.)
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
गोपालगंज

पिन कोड– 841428
मो॰ +91 8544411336
E-mail :deogopalganj.edn@gmail.com

## कार्यालय आदेश

**ग्रीष्मावकाश अवधि में गतिविधि आधारित परियोजना कार्य के संचालन एवं अनुपालन के संबंध में।**

विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक, रचनात्मक एवं व्यावहारिक बनाने के उद्देश्य से कक्षा 6–8, 9–10 एवं 11–12 के विद्यार्थियों हेतु गतिविधि आधारित ग्रीष्मावकाश परियोजना कार्य निर्धारित किया गया है। इस संबंध में निम्न निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

1. संबंधित श्रेणी के सभी विद्यार्थियों को परियोजना कार्य उपलब्ध कराते हुए उन्हें कार्य की प्रक्रिया स्पष्ट रूप से समझाई जाए।
2. प्रत्येक श्रेणी में दिए गए 4 परियोजनाओं में से विद्यार्थी किसी भी 2 परियोजनाओं का चयन कर कार्य करेंगे।
3. परियोजना कार्य गतिविधि आधारित एवं व्यावहारिक अधिगम पर आधारित है, अतः विद्यार्थियों को रचनात्मक एवं स्थानीय संसाधनों के उपयोग हेतु प्रेरित किया जाए।
4. ग्रीष्मावकाश समाप्ति के उपरांत परियोजना कार्य को व्यक्तिगत अथवा समूह आधारित रूप से जमा कराना सुनिश्चित करें तथा आवश्यकतानुसार 10 अंकों में मूल्यांकन किया जाए।
5. उत्कृष्ट परियोजना कार्य करने वाले विद्यार्थियों की सूची विद्यालय स्तर पर तैयार की जाए। बेहतर कार्य करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय एवं जिला स्तर पर पुरस्कृत/सम्मानित किया जाएगा।
6. परियोजना कार्य के दौरान विद्यार्थियों की गतिविधियों से संबंधित फोटो एवं विडियो का संकलन सुनिश्चित करें, ताकि चयनित सामग्री को जिला कार्यालय को अधिकारिक एवं अन्य सोशल मीडिया मंचों तक आवश्यकतानुसार राज्य स्तर पर साझा किया जा सके।
7. कार्य पूर्ण होने के बाद निर्धारित प्रारूप में प्रतिवेदन जिला शिक्षा कार्यालय, गोपालगंज को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

26/5/26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
गोपालगंज।

ज्ञापांक......662......गोपालगंज, दिनांक 26.05.26

प्रतिलिपिः– सभी प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक, मध्य/ माध्यमिक/ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा विभाग, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

26/5/26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
गोपालगंज।



Scanned with OKEN Scanner

# ग्रीष्मावकाश परियोजना कार्य 2026 (Summer Vacation Project Work) हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश

गर्मी की छुट्टियों के दौरान विद्यार्थियो की सीखने की प्रक्रिया को और रोचक, रचनात्मक तथा व्यावहारिक बनाने के उद्देश्य से कक्षा 6–8, 9–10 एवं 11–12 के विद्यार्थियों के लिए गतिविधि आधारित (Activity Based) परियोजना कार्य तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य केवल गृहकार्य देना नहीं, बल्कि बच्चों को करके सीखना (Learning by Doing), नई चीजों को समझना और सीखने का आनंद लेना है।

**विद्यालयों हेतु आवश्यक निर्देश:-**

1. विद्यालय यह सुनिश्चित करें कि वेबसाइट पर उपलब्ध परियोजना कार्य संबंधित कक्षा श्रेणी (6–8, 9–10 एवं 11–12) के सभी विद्यार्थियों को सही तरीके से उपलब्ध कराया जाए।
2. शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को परियोजना कार्य केवल नोट नहीं करवाया जाए, बल्कि उन्हें स्पष्ट रूप से समझाया जाए कि कार्य कैसे करना है, उसका उद्देश्य क्या है और उसे किस प्रकार प्रस्तुत करना है।
3. यह परियोजना कार्य बच्चों की रचनात्मकता, गतिविधि आधारित सीखने एवं व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। इसलिए बच्चों को केवल लिखने के बजाय स्वयं गतिविधियाँ करने, आसपास उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करने तथा नए प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें।
4. प्रत्येक श्रेणी में कुल 4 परियोजना कार्य (Projects) दिए गए हैं। विद्यार्थियों को इनमें से किसी भी 2 परियोजनाओं का चयन करके कार्य करने की स्वतंत्रता होगी।
5. विद्यालय यह सुनिश्चित करें कि ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यार्थियों से परियोजना कार्य व्यक्तिगत (Individual) या समूह (Group-wise) आधार पर जमा कराया जाए।
6. परियोजना कार्य की गुणवत्ता, रचनात्मकता एवं सहभागिता के आधार पर विद्यालय द्वारा 10 अंकों तक मूल्यांकन (Assessment) किया जा सकता है।
7. विद्यालय परियोजना कार्य पूर्ण होने के बाद विद्यार्थियों की सहभागिता, कार्य की स्थिति एवं अन्य आवश्यक जानकारी के साथ एक संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार कर जिला शिक्षा कार्यालय, गोपालगंज को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
8. विद्यालय विद्यार्थियों को परियोजना कार्य को रचनात्मक, गुणवत्तापूर्ण एवं आकर्षक तरीके से तैयार करने हेतु प्रोत्साहित करें। बेहतर एवं उत्कृष्ट परियोजना कार्य करने वाले विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें विद्यालय स्तर पर सम्मानित/पुरस्कृत करने हेतु सूची तैयार करें तथा जिला स्तर पर भेजने योग्य विद्यार्थियों का चयन भी करें।
9. विद्यालय परियोजना कार्य के दौरान विद्यार्थियों की गतिविधियों से संबंधित फोटो एवं वीडियो का संकलन सुनिश्चित करें। ताकि चयनित सामग्री को जिला शिक्षा कार्यालय के आधिकारिक YouTube, Instagram एवं अन्य सोशल मीडिया माध्यमों पर साझा करने तथा आवश्यकता अनुसार राज्य स्तर पर भेजने हेतु उपयोग किया जा सके।



Scanned with OKEN Scanner

**विद्यार्थियों हेतु आवश्यक निर्देश :-**

प्रिय विद्यार्थियों,

गर्मी की छुट्टियाँ केवल आराम करने के लिए नहीं, बल्कि कुछ नया सीखने और खुद को बेहतर बनाने का अवसर भी होती हैं। आपके लिए दिए गए परियोजना कार्य को मजेदार और सीखने योग्य बनाया गया है।

1. अपनी कक्षा श्रेणी के अनुसार दिए गए सभी परियोजना कार्यों को ध्यान से पढ़ें और समझें।
2. आपकी श्रेणी में कुल 4 परियोजना कार्य दिए गए हैं। आपको इनमें से कोई भी 2 परियोजनाएँ चुनकर कार्य करना है।
3. परियोजना कार्य का उद्देश्य केवल कॉपी भरना नहीं है, बल्कि कुछ नया करना, प्रयोग करना, अवलोकन करना और सीखना है।
4. आप अपने कार्य में चित्र, चार्ट, मॉडल, फोटो, स्थानीय सामग्री या अन्य रचनात्मक तरीकों का उपयोग कर सकते हैं।
5. कार्य करते समय अपने माता-पिता, मित्रों या समूह के सदस्यों की सहायता ले सकते हैं, लेकिन कार्य में आपकी अपनी भागीदारी अवश्य होनी चाहिए।
6. छुट्टियाँ समाप्त होने के बाद अपना परियोजना कार्य विद्यालय में समय पर जमा करना अनिवार्य होगा।
7. आपके परियोजना कार्य का मूल्यांकन 10 अंकों में किया जा सकता है, इसलिए इसे साफ-सुथरा, रचनात्मक और पूरी मेहनत से तैयार करें।
8. जो विद्यार्थी अपने परियोजना कार्य को **रचनात्मक, आकर्षक एवं बेहतर तरीके से तैयार करेंगे**, उन्हें विद्यालय स्तर एवं जिला स्तर पर **प्रशंसा/पुरस्कार** के लिए चयनित किया जाएगा। इसलिए अपने कार्य को पूरी लगन और नवीन सोच के साथ तैयार करें।
9. परियोजना कार्य करते समय विद्यार्थी अपने कार्य से संबंधित **फोटो एवं छोटे वीडियो (गतिविधि के दौरान)** का संग्रह भी करें। इनका उपयोग अच्छे कार्यों को **जिला शिक्षा कार्यालय के आधिकारिक YouTube, Instagram एवं अन्य सोशल मीडिया माध्यमों पर प्रदर्शित करने** तथा आवश्यकता अनुसार **राज्य स्तर पर भेजने** के लिए किया जा सकता है।

सीखिए • सोचिए • कीजिए • आनंद लीजिए

जिला शिक्षा कार्यालय, गोपालगंज



Scanned with OKEN Scanner

# कक्षा 6वीं से 8वीं (Class 6th to 8th)

**1. प्रोजेक्ट: हमारा अपना "मिनी-वेदर स्टेशन" (Mini-Weather Station)**

- **विषय मेल:** विज्ञान (मौसम), गणित (आँकड़े/ग्राफ), भाषा (रिपोर्ट लिखना)।
- **आपको क्या करना है:** अपने घर या स्कूल के खुले हिस्से में एक खाली बोतल से 'रेन गेज' (बारिश नापने वाला यंत्र) और प्लास्टिक कप से 'एनीमोमीटर' (हवा की गति नापने वाला यंत्र) बनाएं।
- **संक्षिप्त नोट:** रोज़ाना एक हफ्ते तक मौसम का तापमान, हवा की दिशा और बारिश का रिकॉर्ड एक चार्ट पेपर पर लिखें। हफ्ते के अंत में एक छोटा सा "वेदर बुलेटिन" (मौसम समाचार) लिखकर अपने दोस्तों को सुनाएं जैसे आप टीवी के न्यूज़ एंकर हों!

**2. प्रोजेक्ट: कचरे से कला और उसका गणित (Waste to Wealth)**

- **विषय मेल:** पर्यावरण विज्ञान, गणित (मापन और बजट), कला (Art)।
- **आपको क्या करना है:** अपने घर के सूखे कचरे (जैसे प्लास्टिक की बोतलें, गत्ते के डिब्बे, पुराने अखबार) को इकट्ठा करें और उससे कोई उपयोगी चीज़ बनाएं, जैसे पेन-स्टैंड, गुल्लक या बर्ड-फीडर (पक्षियों के लिए दाना-पानी का बर्तन)।
- **संक्षिप्त नोट:** जो चीज़ आपने बनाई है, उसकी लंबाई, चौड़ाई और वजन नापें। मान लीजिए अगर आप इसे बाज़ार में बेचते, तो इसकी क्या कीमत होती और आपको कितना मुनाफा होता? इसका एक छोटा सा बिल या बजट शीट तैयार करें।

**3. प्रोजेक्ट: इतिहास का जासूस (The History Detective)**

- **विषय मेल:** सामाजिक विज्ञान (इतिहास), भाषा (साक्षात्कार/इंटरव्यू), कला।
- **आपको क्या करना है:** अपने घर के किसी सबसे बुजुर्ग सदस्य (दादा-दादी, नाना-नानी) या पड़ोस के किसी बुजुर्ग का इंटरव्यू लें। उनसे पूछें कि जब वे आपकी उम्र के थे, तब उनका जीवन कैसा था?
- **संक्षिप्त नोट:** उनसे उनके समय के सिक्कों, गानों, खेलों और स्कूल के बारे में पूछें। उनके द्वारा बताई गई पुरानी कहानियों के आधार पर एक "टाइम कैप्सूल" डायरी बनाएं और उसमें उस ज़माने का एक नक्शा या चित्र भी बनाएं।



Scanned with OKEN Scanner

4. **प्रोजेक्ट: अपनी रसोई की लैब (The Kitchen Chemistry)**

- **विषय मेल:** विज्ञान (अम्ल-क्षार), गणित (अनुपात), भाषा।
- **आपको क्या करना है:** लाल पत्तेदार गोभी या हल्दी का पानी उबालकर एक 'प्राकृतिक इंडिकेटर' (सूचक) बनाएं। अब घर की अलग-अलग चीज़ों (जैसे नींबू का रस, साबुन का पानी, सिरका, खाने का सोडा) की कुछ बूंदें इसमें डालकर देखें कि रंग कैसे बदलता है।
- **संक्षिप्त नोट:** एक सुंदर रंगीन टेबल (सारणी) बनाएं। उसमें लिखें कि किस चीज़ से कौन सा रंग बदला और वह चीज़ खट्टी (acid) थी या कड़वी (base)। नींबू पानी बनाने का एक सही अनुपात (Ratio) भी गणित के रूप में लिखें।



Scanned with OKEN Scanner

# कक्षा 9वीं और 10वीं (Class 9th and 10th)

## 1. प्रोजेक्ट: विज्ञापन का खेल और भ्रामक दावे (The Ad-Analysis & Greenwashing)

- **विषय मेल:** सामाजिक विज्ञान (उपभोक्ता अधिकार), भाषा (विज्ञापन लेखन), गणित (प्रतिशत)।
- **आपको क्या करना है:** टीवी या अखबार के किसी भी 3 विज्ञापनों को चुनें जो दावा करते हैं कि उनका प्रोडक्ट "100% प्राकृतिक" या "सबसे सेहतमंद" है। उनके पीछे लिखे केमिकल्स या सामग्री को ध्यान से पढ़ें।
- **संक्षिप्त नोट:** एक नया, सच्चा विज्ञापन खुद डिज़ाइन करें। इसमें गणित का उपयोग करके दिखाएं कि असली पोषण या मात्रा कितनी प्रतिशत (%) है। भाषा का सही इस्तेमाल करके ग्राहकों को जागरूक करने वाला एक स्लोगन (नारा) भी लिखें।

## 2. प्रोजेक्ट: हमारे इलाके का पानी (Water Footprint of my Area)

- **विषय मेल:** भूगोल (जल संसाधन), विज्ञान (जल प्रदूषण/pH), गणित (औसत)।
- **आपको क्या करना है:** अपने घर और आसपास के 5 घरों में रोज़ाना कितना पानी खर्च होता है (नहाने, कपड़े धोने, पीने में), इसका सर्वे करें। साथ ही पास के किसी तालाब या नल के पानी को छानकर उसकी शुद्धता देखें।
- **संक्षिप्त नोट:** हर घर का "औसत पानी का खर्च" निकालें। पानी बचाने के लिए एक "वॉटर-बजट" प्लान तैयार करें और अपने पड़ोसियों को पानी बचाने के तरीके समझाने के लिए एक छोटा सा नाटक (नुक्कड़ नाटक) या पोस्टर तैयार करें।

## 3. प्रोजेक्ट: खुद का इको-फ्रेंडली खिलौना/मॉडल (Eco-Friendly Toy Maker)

- **विषय मेल:** भौतिक विज्ञान (Physics - बल और गति), कला, पर्यावरण।
- **आपको क्या करना है:** न्यूटन के नियमों (Laws of Motion) या हवा के दबाव (Air Pressure) का उपयोग करके कबाड़ की मदद से एक चलती हुई गाड़ी (जैसे बैलून कार) या खिलौना बनाएं।
- **संक्षिप्त नोट:** यह खिलौना कैसे काम करता है, इसके पीछे के विज्ञान को 5 आसान वाक्यों में लिखें। खिलौने को सुंदर बनाने के लिए प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल करें और इस खिलौने को बेचने के लिए एक मजेदार हिंदी कविता या जिंगल (Jingle) बनाएं।



Scanned with OKEN Scanner

4. **प्रोजेक्ट: पारिवारिक बजट और महंगाई का ग्राफ (Family Budget & Inflation)**

- **विषय मेल:** अर्थशास्त्र (Economics), गणित (ग्राफ और सांख्यिकी), भाषा।
- **आपको क्या करना है:** अपने माता-पिता की मदद से पिछले 3 महीनों के घर के खर्चों (राशन, बिजली, पढ़ाई) की लिस्ट बनाएं।
- **संक्षिप्त नोट:** इन खर्चों को एक 'पाई-चार्ट' या 'बार-ग्राफ' के ज़रिए दिखाएं कि सबसे ज़्यादा खर्च कहाँ हुआ। पिछले साल के मुकाबले इस साल कौन सी चीज़ कितनी महंगी हुई, इस पर एक छोटी सी समीक्षा (Review) रिपोर्ट हिंदी में लिखें।


@districteducationofficegopalganj @districteducationofficegopalganj @districteducationofficegopalganj

Scanned with OKEN Scanner

## कक्षा 11वीं और 12वीं (Class 11th and 12th)

**1. प्रोजेक्ट: सोशल मीडिया और मानसिक स्वास्थ्य (Smart-De-Addiction Campaign)**

- **विषय मेल:** मनोविज्ञान/समाजशास्त्र, कंप्यूटर विज्ञान (डेटा), भाषा, गणित (कोरिलेशन)।
- **आपको क्या करना है:** अपने दोस्तों या क्लास के 15 छात्रों का एक ऑनलाइन या ऑफलाइन सर्वे करें कि वे रोज़ाना किस ऐप पर कितना समय बिताते हैं और स्क्रीन टाइम का उनकी नींद और चिड़चिड़ेपन पर क्या असर पड़ता है।
- **संक्षिप्त नोट:** इस पूरे डेटा को एक्सेल शीट या चार्ट पर ग्राफ के रूप में बदलें। इसके परिणामों के आधार पर एक "डिजिटल डिटॉक्स गाइड" (डिजिटल दूरी बनाने की मार्गदर्शिका) पुस्तिका हिंदी में तैयार करें, जिसमें रचनात्मक तरीके लिखे हों।

**2. प्रोजेक्ट: स्थानीय धरोहर का पर्यटन और बिज़नेस प्लान (Local Heritage Tourism Business Plan)**

- **विषय मेल:** इतिहास/भूगोल, बिजनेस स्टडीज/अर्थशास्त्र, भाषा (कहानियां/गाइडिंग)।
- **आपको क्या करना है:** अपने शहर या गाँव की किसी भी ऐसी पुरानी इमारत, मंदिर, या कला को चुनें जिसके बारे में लोग ज़्यादा नहीं जानते।
- **संक्षिप्त नोट:** उस जगह का पूरा इतिहास पता करें। अगर आपको वहाँ पर्यटन (Tourism) बढ़ाना हो, तो आप उसका बिज़नेस मॉडल कैसे बनाएंगे? शुरुआती खर्च, टिकट की कीमत और प्रचार कैसे करेंगे? इसका एक पूरा 'प्रोजेक्ट प्रपोजल' (व्यावसायिक प्रस्ताव) तैयार करें।

**3. प्रोजेक्ट: स्मार्ट कम्पोस्टिंग और मिट्टी की सेहत (Smart Composting & Soil Ecology)**

- **विषय मेल:** जीव विज्ञान (Biology - बैक्टीरिया और कवक), रसायन विज्ञान (Organic matter), गणित (अनुपात)।
- **आपको क्या करना है:** एक छोटे डिब्बे में रसोई के गीले कचरे और सूखी पत्तियों का सही अनुपात मिलाकर खाद (Compost) बनाने की प्रक्रिया शुरू करें। तापमान और नमी का ध्यान रखें।
- **संक्षिप्त नोट:** हर हफ्ते देखें कि कचरा कैसे गल रहा है। जैविक खाद बनने की रासायनिक प्रक्रिया को समझें और इस जैविक खाद के फायदों पर एक शानदार 'प्रेजेंटेशन' या 'वीडियो ब्लॉग' (Vlog) तैयार करें जो किसानों या बागवानी करने वालों के काम आ सके।



Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

**4. प्रोजेक्ट: घर का एनर्जी ऑडिट (The Home Energy Audit)**

- **विषय मेल:** भौतिक विज्ञान (इलेक्ट्रिसिटी), गणित (कैलकुलेशन), पर्यावरण विज्ञान।
- **आपको क्या करना है:** अपने घर के सभी बिजली के उपकरणों (पंखा, फ्रिज, बल्ब) के 'वॉट' (Watt) को नोट करें और वे रोज़ कितने घंटे चलते हैं, इसका हिसाब लगाएं। बिजली के बिल से इसका मिलान करें।
- **संक्षिप्त नोट:** गणितीय गणना (Calculation) करके पता लगाएं कि किस उपकरण को कम चलाकर या बदलकर (जैसे नॉर्मल बल्ब की जगह LED लगाकर) आप महीने के बिल में कितने पैसों की और कितनी बिजली की बचत कर सकते हैं। अपनी इस खोज पर एक "ऊर्जा संरक्षण रिपोर्ट" तैयार करें।



Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner